उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या:91/2018/1446/छप्पन-2018-34/2016
लखनऊ: दिनांक: 23 अगस्त, 2018
कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, उ0प्र0, के अन्तर्गत प्रवक्ता एवियानिक्स के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह को रू0 45,600/- (रूपए पैंतालिस हजार छ: सौ मात्र) के नियत मासिक पारिश्रमिक पर शासनादेश संख्या-67/2016/1240/छप्पन-2016-19/2011, दिनांक 05 सितम्बर, 2016 द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर दो वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था। जिसके अनुपालन में उनके द्वारा दिनांक 06 सितम्बर, 2016 के पूर्वान्ह में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। उनकी संविदा अवधि दिनांक 05 सितम्बर, 2018 को पूर्ण हो रही है।

2- अत: शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल प्रवक्ता (एवियानिक्स) के पद पर श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा अवधि अग्रेत्तर 01 वर्ष (दिनांक 06 सितम्बर, 2018 से दिनांक 05 सितम्बर, 2019) तक के लिए वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रू0 47,880/- एवं 05 प्रतिशत की वार्षिक वेतन वृद्धि के आधार पर बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री संतोष कुमार सिंह की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत् जारी रहेंगी।

4- श्री संतोष कुमार सिंह के संविदा पर नियुक्ति के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

सूर्य पाल गंगवार
विशेष सचिव।

श्री संतोष कुमार सिंह, प्रवक्ता एवियानिक्स (संविदा)
एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट,
नागरिक उड्डयन निदेशालय,
उ0प्र0, लखनऊ ।

2/...

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पृ0संख्या-91/2018/1446(1)/छप्पन-2018 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निदेशक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे श्री संतोष कुमार सिंह से निर्धारित प्रपत्र पर पुन: अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराकर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त नियन्त्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।

5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

6- कार्मिक अनुभाग-1

7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
डॉ0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।